## खबर संक्षेप

### तीन कुख्यात स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**सतना।** कोलगवां पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान के दौरान तीन कुख्यात स्थाई वारंटियों को भी गिरफ्तार किया गया।ये आरोपी कई अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे थे,जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किए गए थे। मुखबिरों की सूचना और सघन गश्त के चलते पुलिस इन आरोपियों को पकड़ने में सफल रही। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मनोज जाटव पिता सरमन जाटव निवासी बजरहा टोला,पुल्ली उर्फ सत्येंद्र चौधरी पिता लाल चौधरी निवासी बजरहा टोला और सुमित वर्मा पिता पप्पू वर्मा निवासी पुरानी आबकारी के पास सतना है। इन तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है और इन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में युवा गायक देवांश ने किया मैहर का नाम रोशन

**मैहर।** मैहर के शास्त्रीय युवा गायक देवांश मिश्रा ने संभागीय लता मंगेशकर सुगम गायन प्रतियोगिता में रीवा संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद,लता मंगेशकर अलंकरण समारोह 2025 के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी अपना स्थान बनाया। लता मंगेशकर सभागार इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय सुगम संगीत गायन प्रतियोगिता में,देवांश मिश्रा ने रीवा संभाग की ओर से सम्मिलित होकर सीनियर ग्रुप में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस उपलब्धि से अपने गुरु संजय देवले,माता-पिता और मैहर का नाम रोशन किया है। शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर की प्राचार्य /उपसंचालक श्रीमती भारती सिंह राजपूत जी सहित महाविद्यालय स्टाफ ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अष्टमी के दिन पवित्र धाम मैहर में माता रानी के दरबार तक निकलेगी विशाल चुनरी यात्रा

**मैहर।** देश की 52 शक्तिपीठों में से एक माँ शारदा के धाम मैहर में शारदीय नवरात्रि के दौरान भक्तों की गहरी आस्था देखने को मिल रही है। इसी क्रम में,30 सितम्बर,अष्टमी के दिन,राजरेश्वरी माँ शारदा भक्त मंडल के तत्त्वाधान में एक विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। माता रानी के सेवक प्राधान पुजारी नीतिनि महाराज बब्बा जी के सान्निध्य में यह चुनरी यात्रा चंडी माता मंदिर से माँ शारदा के दरबार तक निकाली जाएगी। आयोजकों ने मैहर नगर और जिले वासियों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।

### अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु मैहर पुलिस का नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन

**मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह के निर्देश पर दिनांक 27-28/09/25 कीरात्रि में अपराधियों की धरपकड़ हेतु कॉम्बिंग गस्त (नाईट कॉम्बिंग ऑपरेशन) का आयोजन किया गया। इस ऑपरेशन के दौरान,समस्त थाना/चौकियों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अधिक पुलिस बल के साथ धरपकड़ करते हुए,लंबे समय से फरार चल रहे 22 स्थाई/गिरफ्तारी वॉरंट तामील कराए,गस्त के दौरान 18 निगरानी बदमाश,29 गुंडा बदमाश एवं जेल से रिहा 02 अपराधियों को चैक किया गया। इन सभी को भविष्य में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी गई।साथ ही,होटल/ढाबा एवं सार्वजनिक स्थानों की चैकिंग की गई और रात्रि में बेवजह घूमने वाले/संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर अनावश्यक न घूमने की समझाइश दी गई।

### व्यक्तिगत बीमा पर जीएसटी से छूट,समूह बीमा पर यथावत

**सतना।** केंद्र सरकार ने जीएसटी रिफॉर्म के तहत व्यक्तिगत जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर जीएसटी शून्य कर दिया है। समूह बीमा योजनाओं पर जीएसटी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# मैहर मेला में उमड़ा भक्तों का सैलाब, सप्तमी पर 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए दर्शन






**मैहर/सतना।**

नवरात्रि के सातवें दिन,रविवार को मैहर में चल रहे प्रसिद्ध शारदा माता के मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अवकाश का दिन होने के कारण शासकीय और अशासकीय दफ्तरों के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में दुकानदार भी माता के दर्शन के लिए पहुंचे,जिससे दर्शनार्थियों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई। मैहर मेला कंट्रोल रूम के अनुसार,रविवार को अपराह्न 3 बजे तक 1 लाख 11 हजार 257 से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा माँ शारदा माता का दर्शन और पूजा-अर्चना की जा चुकी थी। देर रात तक यह आंकड़ा और बढ़ गया था। मेले परिसर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारें देखी गईं,जो माता के प्रति उनकी अटूट आस्था को दर्शाती हैं।

### माँ कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना

सप्तमी के दिन दुर्गा माता के सातवें स्वरूप माँ कालरात्रि की विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना कर भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मैहर स्थित शारदा माता मंदिर परिसर में कई श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया,साथ ही ब्राह्मणों,निःशक्त जनों और गरीब-असहायों को भोजन कराकर वस्त्र और दक्षिणा वितरित की। मंदिर में जहां देवी गीतों की धूम मची हुई है,वहीं चारों ओर 'शारदा माँ' के जयकारों से पहाड़ी गूंजायमान हो रही है।

### सतना जिले में दुर्गा उत्सव की धूम

मैहर के साथ ही सतना शहर सहित पूरे जिले में दुर्गा उत्सव के कार्यक्रमों की भारी धूम मची हुई है। जगह-जगह कन्या पूजन,कन्या भोजन,भंडारा और प्रसाद वितरण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दुर्गा प्रतिमा स्थापना स्थलों पर सुबह और शाम की पूजा-आरती के साथ ही दुर्गा चालीसा,दुर्गा सप्तशती पाठ,और बीज मंत्र जाप के कार्यक्रम नियमित रूप से चल रहे हैं। इसके अलावा,देवी भक्त जगराता कार्यक्रम भी आयोजित कर रहे हैं। सतना शहर में कई स्थानों पर चल रहे डांडिया और गरबा कार्यक्रमों में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी देवी माँ के गीतों पर झूम-झूमकर थिरकते हुए नवदुर्गा की आराधना कर रहे हैं।



# स्मार्ट सिटी सीवर प्रोजेक्ट घोटाला और चेंबर के पूर्व अध्यक्ष का प्रदर्शन

**सतना।**

स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे सीवर प्रोजेक्ट में कथित भ्रष्टाचार और अव्यवस्था के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने अनोखा प्रदर्शन किया। रविवार को राजेंद्र नगर गली नंबर 3 में,नगर निगम के एक ठेकेदार द्वारा डस्ट डालने के विवाद पर बदतमीजी किए जाने से नाराज़ होकर विवेक अग्रवाल सड़क पर लेट गए,जिससे पूरी रोड जाम हो गई। उनका विरोध सीवर प्रोजेक्ट की अनियमितताओं को लेकर भी था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,सीवर प्रोजेक्ट में पहले रेस्टोरेशन (खुदाई के बाद सड़क को पूर्ववत करना) का काम मूल ठेके में शामिल था,लेकिन बाद में सामग्री कम आंकी जाने का हवाला देकर रेस्टोरेशन का काम हटाकर स्मार्ट सिटी मद से अलग से ठेका दिया गया,जिसे शासकीय धन का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का बड़ा खेल बताया जा रहा है। इस घटना के बाद,कांग्रेस के कई नेता और पार्षद,जिनमें राजदीप सिंह मोनू,अमित अवस्थी,रितेश त्रिपाठी, और मयंक वर्मा शामिल थे,मौके पर पहुंचे। 2 घंटे से अधिक समय तक अग्रवाल सड़क पर लेटे रहे, लेकिन जिला और पुलिस प्रशासन से कोई मौके पर नहीं पहुंचा,केवल नगर निगम के इंजीनियर ही मौजूद रहे। कांग्रेसी नेताओं के जुटने से रोड पूरी तरह से जाम रही।

# एसडीएम बंगले के ठीक सामने नायब तहसीलदार की पत्नी से लाखों की लूट





**सतना।**

नागौद थाना क्षेत्र अंतर्गत एसडीएम बंगले के ठीक सामने रविवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे नायब तहसीलदार राजेंद्र मांझी की पत्नी श्रीमती शशिप्रभा मांझी के साथ लूट हो गई। बाइक पर आए दो लुटेरे लाखों रुपये के जेवर लूटकर फरार हो गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,नायब तहसीलदार राजेंद्र मांझी की पत्नी श्रीमती शशिप्रभा मांझी रोज़ाना की तरह सुबह करीब साढ़े 6 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए अपने घर से बाहर निकलीं। जैसे ही वह बंगले से बाहर आईं,बाइक सवार दो युवक उनका पीछा करने लगे। बताया गया है कि जब श्रीमती मांझी एसडीएम बंगले के सामने से गुज़र रही थीं,तो बाइक सवार दोनों युवकों ने उतरकर उनसे बातचीत शुरू कर दी। युवकों ने पूछा कि क्या आप माता के दर्शन के लिए जा रही हैं। इसके बाद उन्होंने दो पत्ते उनके हाथ में पकड़ाते हुए कहा कि 25 कदम चलने के बाद इसमें आपको माता के दर्शन होंगे। लुटेरे युवकों ने उनसे सभी जेवर उतारकर पर्स में रखने के लिए कहा। कुछ देर बाद युवकों ने झपट्टा मारकर श्रीमती मांझी से जेवरात लूट लिए और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।

# स्कूल में गरबा-डांडिया की धूम और 'अभिमन्यु-3' अभियान के तहत जागरूकता



**मैहर।**

मैहर स्थित सिमरन पब्लिक स्कूल परिसर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव एवं मैहर गौरव दिवस के अवसर पर गरबा और डांडिया नृत्य महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आर्ट इंचौल डायरेक्टर श्रीमती अम्बिका बेरी तथा मैहर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर चंचल नागर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और माँ शारदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। छात्राओं ने गणेश वंदना और देवी दुर्गा के सम्मान में आकर्षक गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अजीत सिंह सरना ने स्कूल की उपलब्धियों की जानकारी दी।

### 'मैं हूँ अभिमन्यु' अभियान के तहत जागरूकता

इसी कार्यक्रम में,पुलिस मुख्यालय के निर्देश और पुलिस अधीक्षक मैहर श्री अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'अभिमन्यु-3' अभियान के तहत लोगों को महिला सुरक्षा व लैंगिक समानता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.चंचल नागर की उपस्थिति में, गरबा पंडाल में 'मैं हूँ अभिमन्यु' का कट आउट रखवाया गया,जिसके साथ छात्र-छात्राओं,प्रतिभागियों और स्टाफ के फोटो लिए गए और सभी को अभियान संबंधी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त,थाना प्रभारी ताला निरीक्षक महेन्द्र सिंह और सहयोगी स्टाफ द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में भी विद्यार्थियों और स्टाफ को अभियान की जानकारी दी गई। थाना अमरपाटन पुलिस ने दुर्गा पंडालों और सार्वजनिक स्थानों पर बैनर प्रदर्शन के माध्यम से जागरूकता फैलाई।



# सेवादल मैहर द्वारा मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम संपन्न

**मैहर।**

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी भाई देसाई और मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष योगेश यादव के निर्देशानुसार,जिला कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में मासिक ध्वज वंदन कार्यक्रम सेवादल कार्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह और अध्यक्षता वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमापति गौतम ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी,पूर्व ब्लाक अध्यक्ष केशव प्रसाद चौरसिया,पूर्व जिला संगठन रावेन्द्र सिंह और अखंड प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम गीत के साथ ध्वज वंदन और राष्ट्रगान से हुआ।जिला अध्यक्ष अरुण तनय मिश्र ने अपने उद्बोधन में सेवादल को कांग्रेस का स्तंभ बताते हुए कहा कि सेवादल उन ताकतों से लड़ रहा है जो देश को कमजोर करने में लगी हुई हैं। ब्लॉक अध्यक्ष श्री द्विवेदी ने अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि पुष्पराज सिंह ने सेवादल की गतिविधियों को पार्टी की मजबूती की दिशा में बताया। कार्यक्रम का सफल संचालन सेवादल अध्यक्ष ऋषिकेश पांडे ने किया।

## कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ ना हो भेदभाव, श्रम विभाग ने जारी की एडवाइजरी,टोल फ्री नंबर पर करें शिकायत

**सतना।** श्रम विभाग ने समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 के पालन के लिए एडवाइजरी जारी की है। विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार समस्त कारखानों,वाणिज्यिक,शासकीय संस्थानों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में पुरुष और महिला श्रमिकों को समान कार्य पर समान वेतन देना अनिवार्य है। विभाग ने स्पष्ट किया कि भर्ती प्रक्रिया में भी किसी प्रकार का लैंगिक भेदभाव ना किया जाए। इन नियमों का उल्लंघन होने की स्थिति में संबंधित कर्मचारी या श्रमिक द्वारा जिला श्रम कार्यालय,सीएम हेल्पलाइन पोर्टल, व्हाट्सएप नंबर 07552555582 या टोल फ्री नंबर 18002338888 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## सतना जिले में हुई 1049.4 मिमी औसत वर्षा

**सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 28 सितंबर तक 1049.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराज नगर) तहसील में 1272.3 मि.मी. सोहावल (रघुराजनगर) में 868.8 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 1268.3 मि.मी, बिरसिंहपुर में 834.4 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 1093.7 मि.मी., नागौद में 1331.9 मि.मी.,जसो (नागौद) में 548 मि.मी. एवं उचेहरा में 1173.5 मि.मी.औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 782.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# त्योहारों से पहले कोलगवां पुलिस की 'कॉम्बिंग गश्त': 41 बदमाश चेक, 20 वारंटी गिरफ्तार



**सतना।**

आगामी त्योहारों को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोलगवां पुलिस ने 27-28 सितंबर की रात को एक विशेष 'कॉम्बिंग गश्त' अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेन्द्र सिंह बघेल और नगर पुलिस अधीक्षक डी.पी.सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुदीप सोनी के नेतृत्व में यह सख्त कार्रवाई की गई।अभियान के दौरान,पुलिस टीम ने क्षेत्र के गुण्डा और निगरानी बदमाशों की सघन जाँच की,जिसमें कुल 41 बदमाशों को चेक किया गया। इसी दौरान,मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने 12 स्थाई वारंटियों और 8 गिरफ्तारी वारंटियों को धर दबोचा। कुल 20 वारंटियों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस ने इन सभी गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है। इस कार्रवाई से अपराधियों में भय का माहौल बना है और त्योहारों के दौरान शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# घर में घुसकर चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफतार

## सोने-चांदी के जेवरात बरामद

**सतना।** कोलगवां पुलिस ने एक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जिन्होंने एक घर में घुसकर जेवरात और नकदी चोरी की थी। फरियादी राजकुमार गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 सितंबर की रात को जब वे रिश्तेदारी से वापस लौटे,तो उनके बांसनाका स्थित घर का पीछे का दरवाजा टूटा और खुला मिला। ऊपरी मंजिल के कमरे में रखी अलमारी का लॉक टूटा था और सोने-चांदी के जेवरात और नगदी गायब थी। थाना कोलगवां में अपराध (धारा 331(4), 305(a) बीएनएस) पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर लगाए। सूचना के आधार पर संदेही साजन उर्फ इरफान,बाबू खान और दीपू कुशवाहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। तीनों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी गए सोने की नाक की कील,पायल एक जोड़ी और पाँच नग बिछिया बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपी अंकित कुशवाहा उर्फ दीपू,शाहिल खान उर्फ बाबू और साजन उर्फ इरफान खान को माननीय न्यायालय पेश किया गया। इस सराहनीय कार्रवाई में प्रधान आरक्षक बृजेश सिंह,आरक्षक राहुल साहू और सायबर सेल प्रभारी उनि अजीत सिंह समेत अन्य कर्मियों का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### अक्टूबर से शुरू होगा विद्यार्थी के लिए आधार अभियान का दूसरा चरण

**पन्ना।** अब तक अपने आधार में आवश्यक बायोमेट्रिक अपडेट नहीं करा विद्यार्थियों के लिए आधार अभियान का द्वितीय चरण आगामी अक्टूबर माह में आरंभ होगा। 5 और 15 वर्ष की आयु पूरी होने पर अपडेशन अनिवार्य होता है। आधार में नवीनतम बायोमेट्रिक दर्ज होने के बाद ही विद्यालय प्रवेश, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को सहज रूप से मिल सकेगा। विद्यार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया और स्कूल शिक्षा विभाग ने 18 अगस्त 2025 को विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार अभियान प्रारंभ किया था। अभियान के अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में आधार नामांकन एवं अपडेट शिविर लगाए गए थे। अब सभी जिलों में एक अक्टूबर से इस अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया जा रहा है। दूसरे चरण में उन विद्यालयों को प्राथमिकता दी गई है, जहां सबसे अधिक विद्यार्थियों के बायोमैट्रिक अपडेट लंबित हैं। साथ ही, ऐसे बड़े विद्यालयों का भी चयन किया गया है, जिनके आसपास अन्य विद्यालय भी संचालित होते हैं, जिससे अधिकाधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल सके। यूआईएडीएआई और शिक्षा विभाग ने विद्यार्थियों के आधार का बायोमेट्रिक स्टेटस देखने के लिए यू-डाइस पोर्टल पर विशेष सुविधा विकसित की है। इसके माध्यम से विद्यालय आसानी से उन विद्यार्थियों की पहचान कर सकेंगे, जिनका अपडेट लंबित है। अभियान के सफल संचालन के लिए 26 सितम्बर को जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी, प्रोग्रामर, ब्लॉक रिसोर्स सेंटर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और शासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से प्रशिक्षित किया गया। इससे पूर्व यूआईएडीएआई आधार ऑपरेटरों को भी प्रशिक्षित कर चुका है। विद्यालय प्राचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे यू-डाइस पोर्टल से लंबित विद्यार्थियों की सूची प्राप्त करें। सूची में शामिल विद्यार्थियों को पूर्व सूचना दें और शिविर के लिए रोस्टर तैयार करें। साथ ही, विद्यार्थियों को नजदीकी आधार सेवा केंद्रों में भी बायोमेट्रिक अपडेट कराने के लिए प्रेरित करें।

### हार्वेस्टर के साथ स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अटैचमेंट भी लगाएं

**पन्ना।** सहायक कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी कार्यालय पन्ना द्वारा जिले के समस्त किसानों को स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अटैचमेंट के बारे में सूचित किया गया है। कंबाइन हार्वेस्टर रखने वाले किसानों को अनिवार्य रूप से स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अटैचमेंट लगाने की सलाह दी गई है। इसके क्रय पर अनुदान का लाभ भी हार्वेस्टर संचालक या मालिक प्राप्त कर सकते हैं। गत 23 सितम्बर से स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अटैचमेंट क्रय के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

# जे.के. सीमेन्ट प्लांट अमानगंज आईटीआई परिसर में रक्तदान शिविर वहीं पवई गौशाला में चारा वितरण व सहायता पन्ना जिला अस्पताल में प्रसूति एवं शिशुओं को किट तथा फल वितरण

### शासकीय छात्रावासों एवं दिव्यांग छात्रावास में विशेष भोज एवं उपहार सामग्री वितरण पुरैना गांव में मेगा पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

29 सितम्बर 2025 का दिन आज विषेष पन्ना जिले में कहीं न कहीं समाज सेवा व अलग ही सोच के साथ जाना जायेगा आज का दिन स्व0 यदुपति संघानिया (पूर्व चेयरमैन) एवं प्रबंध निदेषक जे.के. सीमेन्ट की 72वीं जयंती के पावन अवसर पर यह सुखद दिषा संपूर्ण कार्यक्रमों को लेकर अलग ही जाना जायेगा। जे.के. सीमेन्ट पन्ना निष्चिततौर पर इन सेवाओं से जहां जरूरतमंदों की मदद व सेवा भाव तथा षिक्षा की दिषा में सतत सहयोग स्वास्थ्य सेवा मानव कल्याण हो या पषुओं के कल्याण के लिये जो कार्य किये जा रहे है यह कहीं न कहीं स्व0 यदुपति सिंघानियां जी की सोच आज उनके न रहने पर भी जिंदा दिली का अहसास करा रही है तभी तो विषाल कार्यक्रम विराट सोच को लेकर सभी के लिये समर्पित

**पन्ना।**

जे.के. सीमेन्ट पन्ना को लेकर जहां आज विषेष उत्साह का दिन 29 सितम्बर 2025 स्व0 यदुपति सिंघानिया जी की 72वीं जन्म जयंती को लेकर यह पावन दिन कई तरह से मिषाल बनने जा रहा है जहां आज भी स्व0 सिंघानिया जी की सोच हमारे बीच में सभी के लिये जिंदा दिली का एहसास करा रही है चूंकि कार्य ही कर्म के क्षेत्र में पर्णित होकर सदैव के लिये जहां दिषा देते है सोच (दृष्टि) से ही भविष्य तय होता है जो आज स्व0 युदपति सिंघानिया जी की सोच जे.के. सीमेन्ट पन्ना के द्वारा जहां उनकी 72वीं जन्म जयंती को लेकर विषाल कार्यक्रमों को सफल दिषा सफल आयाम को लेकर सभी के लिये जहां चहुमुखी सोच षिक्षा हो या स्वास्थ्य मानव हो या पशु कल्याण विद्यार्थी हो या फिर हमारी मातृ शक्तियां या गौमाता आज जहां मां दुर्गा की अष्टमी का दिन भी जुड़ा हुआ है वैसे यह दिन विषेष तो है ही क्योंकि आज 29 सितम्बर को जे.के. सीमेन्ट पन्ना के द्वारा जहां विषाल निःषुल्क स्वास्थ्य षिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छाती रोग विषेषज्ञ, स्त्री रोग विषेषज्ञ, हड्डी रोग विषेषज्ञ, एम.डी. मिडीषन षिषु रोग विषेषज्ञ तथा आहार विषेषज्ञ यानि विषाल निःषुल्क षिविर में हमारे विषेष



चिकित्सकों द्वारा षिविर में जांच व सेवायें आम आदमी के लिये प्रदान की जायेंगी जिसमें रक्तचाप, माप की सुविधा, सुगर जांच की सुविधा, ई.सी.जी. जांच की सुविधा, एक्सरे व खून व पेषाब की भी जांच की जायेगी। इतना ही नहीं आज के दिन रक्त दान षिविर वहीं पवई में गौ-माताओं को गौषाला में चारा वितरण व सहायता साथ ही पन्ना जिला अस्पताल में प्रसूति एवं षिषु किट फल वितरण किये जायेंगे। आई0टी0आई0 परिसर जे.के. सीमेन्ट में वृक्षारोपण अभियान साथ ही शासकीय छात्रावासों एवं दिव्यांग छात्रावासों विषेष भोज एवं उपहार सामग्री वितरण पुरैना गांव में मेगा पशु चिकित्सा षिविर इस तरह से कहीं न कहीं मानव कल्याण को लेकर समाज सेवा की सोच साथ ही गौमाता व हारी मातृषक्ति तथा षिषुओं के कल्याण वहीं छात्र-छात्राओं को भी षिक्षा के क्षेत्र में सदैव मददगार की भूमिका को लेकर जहां समाज के कल्याण की दिषा को लेकर यह सोच हमारे जे.के. सीमेन्ट पन्ना के पूर्व चेयरमैन एवं प्रबंध निदेषक स्व0 यदुपति सिंघानिया जी की सोच जो आज भी समाज में अपने कार्यों से कहीं न कहीं हमें हमारे बीच में सभी के लिये सोच रखने वाली कल्याण की दिषा का अहसास हमारे लिये प्रेरणादायी जरूर है क्योंकि जो सभी के लिये जीते है उनकी सोच आज हमारे बीच में उनके न होने के बाद भी जिंदादिली का एहसास करा रही है आज का दिन 29 सितम्बर 2025 जो पन्ना जे.के. सीमेन्ट के इन कार्यों को कार्य रूप में पर्णित करने को लेकर अमिट छाप छोड़ेगा जिसमें जे.के. सीमेन्ट के युनिट हेड से लेकर समस्त जिम्मेदार अधिकारी व वर्करर्स के साथ-साथ समाज के लिये भी यह दिन कहीं न कहीं जाना जायेगा।

## पन्ना पुलिस द्वारा बृजपुर थाना क्षेत्र के बलात्संग के मामले मे फरार 10 हज़ार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा विभिन्न मामलो मे फरार एवं स्थाई वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य मे बृजपुर थाना पुलिस टीम द्वारा बलात्संग के मामले मे घटना दिनांक से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। दिनांक 06/09/2025 को पीड़िता द्वारा थाना बृजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि पीड़िता के जीजा के द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अपराध क्रमांक 207/2025, धारा 65(1) ठछै एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10,000 का इनाम उद्घोषित किया गया एवं थाना स्तर पर एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। जिसके फलस्वरूप दिनांक 27/09/2025 को थाना प्रभारी बृजपुर उप.नि. महेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मामले मे फरार आरोपी अपने घर के आसपास घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी बृजपुर उप निरीक्षक महेन्द्र सिंह द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर आरोपी की घेराबंदी की गई। पुलिस टीम की तत्परता से आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को आवश्यक कार्यवाही उपरांत माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज भेजने की कार्यवाही की गई।

**सराहनीय योगदान-** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बृजपुर महेन्द्र सिहं भदौरिया, प्र.आर. प्रदीप हरदेनिया, आर. सुधीर अर्जरिया, अमर सिंह एवं महिला आर. संतोषी सोनी का सराहनीय योगदान रहा।

## दुर्गुण रूपी राक्षसों का वध करें: दुर्गुण, दुर्व्यसन, अत्याचार की बलि चढ़ायें - ब्रह्माकुमारी

**पन्ना।** नवरात्रि के पावन पर्व पर अनेक जगह दिया जा रहा अध्यात्मिक संदेश,कल ग्राम पडेरी (गुनौर) ब्रह्माकुमारी बहन ने सभी ग्रामवासियों को संदेश देते हुए कहा नवरात्रि की साधना केवल बाहरी कर्मकांड नहीं है, यह आत्मा और परमात्मा के मिलन का उत्सव है संयम, उपवास और जप, ध्यान से साधक का अंतर मन शुद्ध होता है और यही है, असली युद्ध बाहर के शत्रुओं से नहीं बल्कि भीतर के ष्महिषासुरष यानी नकारात्मकता आलस्य, कुदृष्टि, अपवित्रता अहंकार आदि दुर्गुणों को सदा के लिए समाप्त करना।

**शक्तियों का गायन बंधन रात्रि को क्यों ?**

शक्तियों का रात्रि में ही गायन बंधन क्यों इसका आध्यात्मिक रहस्य जब कलयुग का अथवा ब्रह्मा की रात्रि का अंत होता है तब सभी



मनुष्य आत्माएं आसुरी अवगुणों से पीड़ित अज्ञान निंद्रा में सोई हुई और आत्मिक शक्ति से हीन होती हैं,ऐसी अज्ञान रात्रि के समय परमात्मा शिव एक साधारण मानव के तन में अवतरित होते हैं, उनका दैहिक नाम बदलकर कर्तव्य वाचक नाम प्रजापिता ब्रह्मा रखते हैं और उनके मुखारविंद द्वारा नर नारियों ज्ञान सुनकर अपने जीवन को परिवर्तित करके नया आध्यात्मिक जन्म पाते हें उस ज्ञान से अपने आंतरिक अवगुणों को समाप्त करके पवित्र एवं सात्विक जीवन अपनाते हैं।

**भगत भक्ति करते प्राप्ति नहीं करते,, ब्रह्माकुमारी**

आज लोग शक्तियों की भक्ति करते हैं परंतु उनकी तरह अष्ट शक्ति की प्राप्ति नहीं करते,नवरात्रि के दिनों में मिट्टी का दीपक जगाते हैं परंतु उस सदा जगती ज्योति शिव से जिसने की शक्तियों को भी शक्ति दी थी योग लगाकर स्वयं अपनी आत्मा की ज्योति नहीं जगाते, अतः अवगुण बुराई रूपी राक्षस एवं व्यसन छोड़ने का सच्चा सच्चा व्रत लें सभी ग्राम वासियों को दुर्गुणों एवं नशा मुक्त होने की कराई प्रतिज्ञा।

## देवेंद्रनगर में नवरात्रि पर्व पर माँ जगत जननी की भव्य प्रतिमाएँ विराजीं, शहर हुआ भक्तिमय







**देवेन्द्रनगर।** शारदीय नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर देवेंद्र नगर पूरी तरह से भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है नगर के प्रमुख स्थलों पर माँ जगत जननी दुर्गा की भव्य एवं मनोहारी प्रतिमाएँ स्थापित की गई हैं जिनके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है सलेहा रोड में सबसे ज्यादा देवी प्रतिमाएं रखी गई है मां मनसा क्लब सलेहा रोड सार्वजनिक सेवा समिति सतना रोड कमांडो क्लब बस स्टैंड चौक पन्ना रोड यादव मोहल्ला चिल्ड्रन पार्क बमरी रोड राममंदिर के पास सहित अनेक स्थानों पर माँ दुर्गा के विविध रूपों की आकर्षक झाँकियाँ सजाई गई हैं इन स्थलों पर रंगबिरंगी रोशनी भक्ति संगीत और सजावट ने वातावरण को दिव्य बना दिया है। श्रद्धालु माँ के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं और जगह जगह भक्त मंडलियों द्वारा पूजाअर्चना आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है माँ के जयकारों से पूरा नगर गूंज रहा है जिससे वातावरण में एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हो रहा है। इस अवसर पर भव्य रामकथा का आयोजन भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जहाँ रामायण की दिव्य गाथा को सुनने के लिए नगरवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी जा रही है। मां मनसा क्लब में भागवत कथा का भी आयोजन किया जा रहा है निक्की जायसवाल द्वारा नगर प्रशासन एवं आयोजन समितियों द्वारा सुरक्षा स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से पर्व का आनंद ले सकें। नवरात्रि पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि यह सामाजिक एकता सांस्कृतिक समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना का भी संदेश देता है देवेंद्र नगर में इस पर्व की भव्यता और श्रद्धा ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि माँ दुर्गा की कृपा से नगरवासियों का मन और तन दोनों पवित्र हो उठते है।

## क्षेत्रीय विधायक श्री प्रहलाद लोधी द्वारा एक बगिया माँ के नाम योजना अंतर्गत पौधरोपण करके योजना का किया गया शुभारम्भ





**पवई।** शासन कि महत्वपूर्ण नवीन योजना एक बगिया माँ के नाम अंतर्गत आजीविका मिशन स्व सहायता समूह सदस्यो को एक एकड़ भूमि मे सौ पौधों कि बगिया लगाया जाना है।विकासखंड पवई मे सौ हितग्राहियो को बगिया लगवाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।सीईओ जिला पंचायत पन्ना के निर्देशानुसार और डीपीएम आजीविका मिशन एवं सीईओ जनपद पंचायत के मार्गदर्शन मे एक बगिया माँ के नाम योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विधायक प्रहलाद लोधी जी द्वारा ग्राम पंचायत पड़वार के खैरी गांव कि स्व सहायता समूह सदस्य हितग्राही श्रीमती मालती देवी के खेत मे पौधरोपण करके योजना का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे मण्डल अध्यक्ष भाजपा मोहन्द्रा, जनपद सदस्य,सरपंच ग्राम पंचायत पड़वार, सीईओ जनपद पंचायत पवई, ब्लॉक मैनेजर आजीविका मिशन पवई, एपीओ नरेगा पवई, एबीएम आजीविका मिशन पवई, सचिव,जीआरएस,क्षेत्रीय समन्वयक सीएलएफ मोहन्द्रा, समस्त सीआरपी उपस्थित रहे।

## शारदे नव रात्रा के पावन पर्व पर जगह जगह बिराजमान मां दुर्गा



**गुनौर।** नगर परिषद अंतर्गत जगह-जगह मां दुर्गा उत्सव मनाया जा रहा है जिसमें जगत जननी मां दुर्गा काली माता की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है जिसमें नगर परिषद के चेन तलाया के पास बिराजी मां दुर्गा की प्रतिमा मुख्य आकर्षण का केंद्र है साथ ही बस स्टैंड श्री बालाजी नवदुर्गा उत्सव समिति माता की आरती मैं महिलाएं बच्चियों बुजुर्ग लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्व पर्यटन दिवस पर दी बधाई

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व पर्यटन दिवस की समस्त प्रदेशवासियों और पर्यटन प्रेमियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत, जीवंत लोक संस्कृति, कला और ऐतिहासिक धरोहरों से समृद्ध मध्यप्रदेश, वास्तव में भारत का हृदय प्रदेश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा, शौर्य और संस्कार की इस अतुल्य धरा, नदियों के मायके में विश्व भर के पर्यटन प्रेमियों का हार्दिक अभिनंदन किया है।

# युवक के साथ दो लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी



**अमानगंज।** शिकायत के बाद अमानगंज पुलिस ने वापस लौटवाए फरियादी कैलाश प्रजापति पिता रामकिशुन प्रजापति उम्र 28 निवासी वार्ड नं. 03 इन्द्राकॉलोनी ने अमानगंज थाना पहुंचकर शिकायती पत्र देकर बताया कि मैं अपने ट्रेक्टर से मकान निर्माण मटेरियल ढोने का कार्य करता हूँ! हाल दिनांक 25/9/2025 को ट्रेक्टर मैं ईंट लेकर पगरा निवास का पता बताते हुए अपरचित अनावेदक पगरा निवासी मो. 8306870384 के कहने पर ईंट लेकर गया तो अनावेदक वहाँ नहीं मिला! जब उक्त मो. नम्बर पर फोन लगाया की ईंट कहाँ डालना है। तो अनावेदक बोला की मैं पगरा में नहीं हूँ फिर बोला की मैं मोवाइल नम्बर 8221848413 पर बात करो तो मैंने बात की तो मो. 8221848413 का उपभोक्ता बोला की अपना पे० नम्बर दो। जैसे ही मैने पे० दिया तो अनावेदक बोला की तेरे खाते पर रुपये कम हैं, आपके खाते पर कम से कम 20000रु होने चाहिए तो मैने अपने खाते को बीस हजार दूसरे डलवा कर अनावेदक को फोन लगाया तो अनावेदक ने अपना स्कैन कोड भेजा जिसमें बीस हजार पहले से ही लिखे आये और मेरे कोड नम्बर डालते ही पहले 20000/रु कटे और अनावेदक ने पैसा फसने के धमकी देकर मेरे खाते पर फिरसे बीस हजार कहीं से रखने को कहा और इस प्रकार 20000/रु चार बार और 10000 / रु चार बार फिर 5000/रु तथा और अलग-अलग ट्रांजेक्शन मैं कुल 129600/रु धोखाधड़ी के साथ के काट लिए।तब मेरे साथी अनिल प्रजापति मो. 7000208134 उक्त स्थान पर मेरे कहने से पहुँचे तो अनावेदक फोन पर अनिल प्रजापति से बोला की जो आपके रुपये कट गये हैं तो कैलाश प्रजापति के खाते में कुछ तकनीकी खराबी है। जिससे मैं आपके खाते में डाल देता हूँ। और अनिल प्रजापति के भी अनावेदक ने उक्त हरकत को दोहराते हुए पहली बार 50000रु और 12400 दूसरी बार कुल 62400/रु धोखाधड़ी के साथ काट लिए। जिससे अनावेदक ने दोनों आवेदकों के खाते से कुल 192400/रु काट लिए।फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत साइबर सेल को अलर्ट किया और ठगों से वापस पैसे आवेदक के खाते में वापस करवाए साथ ही पुलिस थाना प्रभारी ने जनता को सचेत करते हुए कहा कि यदि किसी के साथ आनलाइन धोखाधड़ी की घटना होती है तो बिना विलंब के 1930 पर या नजदीकी थाना और बैंक में सूचना दें।

## क्षेत्रीय विधायक ने कन्या पूजन के साथ हरिजन बस्ती में सूनी मन की बात



**अमानगंज।** निप्र- देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र जी मोदी के दिशा निर्देशन में चलाई जा रही मन की बात का आयोजन पहले की तरह आज भी आयोजित हुआ, जो पन्ना जिले के अमानगंज नगर की हरिजन बस्ती वार्ड क्रमांक 6 में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर राजेश जी वर्मा ने अपने साथी मंडल पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त रूप से सुनी कार्यक्रम आरंभ होने के पहले आपने कन्या पूजन का आयोजन शारदीय नवरात्रि पर्व के विशेष मौके पर किया इसके बाद वार्डवासियों विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा का स्वागत करते हुए। उन्हें नवरात्रि पर्व की बधाई दी। मन की बात आयोजन के माध्यम से देश के ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर स्वदेशी अपनाने की अपील करते हुए, देश के कल्याण की बात कही। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक ने भी आयोजन में उपस्थित आम जनता से कहा कि हमें स्वदेशी को अपनाना है और देश को आगे बढ़ाना है। आज का यह आयोजन भारतीय जनता पार्टी हरिजन मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अरविंद चौधरी के निवास पर यह आयोजन आयोजितहुआ। स्थानीय और क्षेत्रीय पार्टी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित देखे गए और सभी एक दूसरे को बधाई दी।

## देवेंद्रनगर में फिजियोथैरेपी एवं नेचरोथेरेपी कैंप का भव्य आयोजन डॉ. अभिषेक जैन ने किया उद्घाटन

**देवेन्द्रनगर।**



29 सितंबर जैन धर्मशाला में आज एक विशेष स्वास्थ्य सेवा पहल के तहत फिजियोथैरेपी एवं नेचरोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन द्वारा किया गया इस कैंप का उद्देश्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को प्राकृतिक और वैकल्पिक चिकित्सा के माध्यम से राहत प्रदान करना है। कैंप का आयोजन दिगंबर जैन समाज कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप जैन महामंत्री रवि जैन के द्वारा इस शहर का आयोजन कराया गया कैंप में विशेष रूप से उन मरीजों के लिए सेवाएँ उपलब्ध कराई गईं जो गठिया सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस घुटनों का दर्द कमर दर्द और अन्य स्नायु एवं अस्थि संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं राजस्थान से आई विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा निःशुल्क परामर्श फिजियोथैरेपी तकनीकों और नेचरोथेरेपी उपचार विधियों की जानकारी दी गई जिससे मरीजों को दवाओं के बिना भी राहत मिल सके। इस अवसर पर डॉ. अभिषेक जैन ने कहा आज के समय में जब लोग दवाओं पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं ऐसे में प्राकृतिक चिकित्सा और फिजियोथैरेपी जैसे विकल्पों को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है यह कैंप स्वस्थ जीवनशैली की ओर एक सकारात्मक पहल है। कैंप में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुँचे और विशेषज्ञों से परामर्श लेकर लाभ प्राप्त किया मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें न केवल शारीरिक राहत मिलती है बल्कि मानसिक रूप से भी सुकून मिलता है। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ सकें और स्वस्थ जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकें। नगरवासियों ने इस आयोजन को एक सार्थक और जनहितैषी पहल बताया जो न केवल चिकित्सा सेवा का विस्तार है बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम है। इस कैंप में विशेष रूप से डॉ संतोष जैन मनीष जैन आई के जैन प्रशांत जैन प्रमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## मातृशक्ति के बिना राष्ट्र अधूराः बॉबी राजा

**किसान मोर्चा ने सामूहिक रूप से सुनी मन की बात**

**छतरपुर।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किसान मोर्चा द्वारा बूथ क्रमांक 183 पर आयोजित किया गया। कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने पीएम के प्रेरणादायी विचारों को सुना और समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। किसान मोर्चा के नेता बॉबी राजा गठेवारा ने कहा, मातृशक्ति के बिना राष्ट्र अधूरा है। उन्होंने पीएम के संदेशों को आत्मसात करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मन की बात को जन-जन तक पहुंचाने और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने का निश्चय किया। किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि यह कार्यक्रम जन जागरूकता, सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण में सहभागिता के लिए प्रेरणा देता है। समापन में सभी ने पीएम के मार्गदर्शन को धरातल पर उतारने का संकल्प दोहराया।

## त्यौहार से पहले पकड़ी गई लाखों की आतिशबाजी

**अवैध पटाखा संग्रह करने वालों पर पुलिस ने शुरु की कार्रवाई**



**नौगांव।** दीपावली का त्यौहर आने में अभी काफी वक्त है लेकिन त्यौहार से पहले कुछ मुनाफाखोर आतिशबाजी का अवैध भंडारण करने में जुट गए हैं। इसकी भनक लगने के बाद पुलिस ने भी कमर कसते हुए ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई का मोर्चा खोला है। नौगांव में शहर में बीते रोज पुलिस ने करीब सवा लाख कीमत की आतिशबाजी जप्त की है, जिसे अवैध तरीके से संग्रहित करके रखा गया था।प्राप्त जानकारी के अनुसार नौगांव पुलिस को नगर के रहवासी क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा आतिशबाजी सामग्री के अवैध संग्रह की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर पुलिस टीम ने स्टेट बैंक के पास रहने वाले हीरालाल पुत्र काशी प्रसाद रैकवार के मकान पर छापा मारा। तलाशी में यहां 12 कार्टून में भरी विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी सामग्री मिली, जिसे जप्त कर लिय गया। जप्त आतिशबाजी की कीमत 1 लाख 25 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता एवं विस्फोटक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। उक्त कार्रवाई को एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे, चौकी प्रभारी गर्रौली कुलदीप सिंह जादौन, उपनिरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राजपूत, आरक्षक अरविंद, प्रहलाद, आशीष और राहुल की टीम ने अंजाम दिया।

### जांच के दौरान रिकार्ड में नहीं पाया गया मेंटीनेंस, स्टाक से ज्यादा मिला पेट्रोल एवं डीजल

# रिलायंस पेट्रोल पम्प की जांच करने पहुंची आपूर्ति एवं नापतोल विभाग की टीम

छतरपुर।



शहर के नौगांव रोड स्थित रिलायंस पेट्रोल पम्प में एक उपभोक्ता को कम पेट्रोल माप में देने और मागने पर पर्ची न देने का मामला पिछले दो दिन से सुर्खियों में है। सोशल मीडिया में यह मामला तेजी से उछलने पर कलेक्टर ने गंभीरता से लिया और रविवार को सहायक आपूर्ति अधिकारी जीतेन्द्र बर्मन और नापतोल निरीक्षक को जांच करने के लिए भेजा। जांच के दौरान टीम ने पाया कि प्रतिदिन का रिकार्ड मेंटेन नही किया जा रहा है। सहायक आपूर्ति अधिकारी जीतेन्द्र बर्मन ने बताया कि जांच के दौरान स्टाक से अधिक 153 लीटर पेट्रोल और 170 लीटर डीजल पाया गया है। उन्होंने बताया कि कंपनी की और से एक रजिस्टर दिया जाता है। जिसमें प्रतिदिन का रिकार्ड अपडेट रहना चाहिए लेकिन रिलायंस पेट्रोल पम्प के संचालक द्वारा प्रतिदिन का रिकार्ड अपडेट नही किया जा रहा है, जो बड़ी खामी है। उन्होने बताया कि तीन माह पूर्व भी एक शिकायत मिलने पर जांच की गई थी उस दौरान भी पाया गया था कि रिकार्ड अपडेट नही है। सहायक आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि हम अपनी जांच रिपोर्ट अधिकारियों को सौंप देंगे, और कलेक्टर के माध्यम से नोटिस जारी होगा। नोटिस जारी होने पर उन्हें जबाव देना होगा कि पेट्रोल और डीजल स्टाक से अधिक कैसे पाया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी ने यह भी बताया कि शनिवार को भी जांच करने आए थे, लेकिन उस दिन इनका पेट्रोल पम्प ड्राई था और नोजल से पेट्रोल नही निकल रहा था। इसलिए आज दूसरे दिन जांच करने के लिए आना पड़ा। पूरा रिकार्ड चैक किया गया है जिसमें पाया गया कि पेट्रोल पम्प संचालक द्वारा प्रतिदिन कितना पेट्रोल बेचा जा रहा है। उसका सही हिसाब किताब नही रखा जा रहा। कहीं न कहीं इसमें भी गडबड़ी नजर आ रही है।

**मीडिया के लोगों से भी किया था अभद्र व्यवहार**

मीडिया की टीम भी इसके पहले रिलायंस पेट्रोल पम्प पर पहुंची थी और मीडिया के एक सदस्य ने अपनी बाईक में पेट्रोल भरा कर पर्ची मांगी थी लेकिन कर्मचारियों ने पर्ची देने से इन्कार कर दिया था। यह मामला मौके पर मौजूद पेट्रोल पम्प संचालक संजू अग्रवाल तक पहुंचा था। जिस पर उनके द्वारा मीडिया के सदस्य से भी अभद्र व्यवहार किया गया था और यह वार्तालाप सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हुआ। पेट्रोल पम्प संचालक संजू अग्रवाल कमर में लाइसेंसी रिवाल्वर भी टांगे था जिसमें मैगजीन भी लगी हुई थी। आम तौर पर पेट्रोल पम्प में पेट्रोल भराते समय मोबाईल से बात करना तक प्रतिबंधित रहता है। यहां तक की ज्वलनशील पदार्थ भी लेकर कोई नही जा सकता। लेकिन इसके बावजूद भी पेट्रोल पम्प संचालक संजू अग्रवाल अपनी लाइसेंसी रिवाल्वर लिए पेट्रोल पम्प में घूमता रहा और मीडिया के सदस्य से अभद्र व्यवहार भी करता रहा। रविवार को हुई जांच के दौरान काफी संख्या में पत्रकार और ग्राहक पंचायत के सदस्य भी पहुंचे थे। और इन्हीं के सामने पेट्रोल पम्प संचालक के छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के कृत्यों की माफी मांगी।

**बुलाने पर नहीं आया कंपनी का सैल्समेन -**

सहायक आपूर्ति अधिकारी जीतेन्द्र बर्मन से जब मीडिया के लोगों ने पूछां की क्या कंपनी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने बताया कि रिलायंस कंपनी का जो सैल्समेन है। वह सतना में बैठता है और मैं दो दिन से जांच के दौरान लगातार फोन लगा रहा हूं। लेकिन सैल्समेन का एक ही उत्तर मिला की मेरी कोई जबावदारी नही है।

**पूर्व की जांच पर क्या हुई कार्यवाही -**

सहायक आपूर्ति अधिकारी जीतेन्द्र बर्मन ने यह बात स्वीकार की है कि पूर्व में भी रिलायंस पेट्रोल पम्प की शिकायतें मिली थी जिस पर जांच की गई थी और उस दौरान भी रिकार्ड में गडबड़ी पाई गई थी। लेकिन जब नोटिस जारी करने और कार्यवाही के संबंध में मीडिया ने सवाल किया तो जीतेन्द्र बर्मन बगले झांकने लगे। और कहा कि मुझे यह नहीं पता की नोटिस जारी हुआ कि नहीं और क्या कार्यवाही हुई थी देखकर बताऊंगा। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि जब पूर्व में सहायक आपूर्ति अधिकारी को रिकार्ड में गडबड़ी मिली थी तो फिर उन्हें कार्यवाही के बारे में क्यों नही पता कहीं। कहीं ऐसा तो नही की यह सब जांचे ले देकर निपटा दी जाती हो इसलिए तो पेट्रोल पम्प संचालक इतनी दबंगी के साथ मीडिया के लोगों से अभद्र व्यवहार करता रहा और पर्ची देने से इन्कार करता रहा। लेकिन जैसे ही यह सब सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो मशीन से पर्ची भी निकलने लगी और उनकी हेकड़ी भी निकल गई।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, मां और बहिन गंभीर रूप से घायल



**नौगांव।** बीती रात शहर के बस स्टैंड के पास हुए एक भीषण सड़क हादसे में युवा व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसकी मां और बहन गंभीर रूप से घायल हुई हैं। बताया गया है कि व्यापारी आपने परिवार के साथ देर रात किसी रिश्तेदार के यहां से घर वापिस लौट रहे थे और घर से करीब 500 मीटर पहले उनकी कार हादसे का शिकार हो गई।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक नौगांव में कार बाजार संचालित करने वाले 28 वर्षीय शिवम पुत्र आनंद पटैरिया एक मंगलिक कार्यक्रम में अपने रिश्तेदार के यहां गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद रात करीब 2 बजे वह अपनी मां और बहन के साथ घर वापिस से लौट रहे थे, तभी घर से मात्र 500 मीटर पहले बस स्टैंड की शराब दुकान के सामने बने बड़े गड्ढे में गाड़ी का टायर गिरा और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। हादसे में शिवम की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसकी 50 वर्षीय मां क्रांति देवी और बहन रुची पटैरिया गंभीर रूप से घायल हुईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को नौगांव स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे की तीव्रता इतनी थी कि गाड़ी का इंजन कार से अलग होकर करीब 20 फीट दूर मिला।

## अपर सत्र न्यायाधीश एवं सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया जेल का औचक निरीक्षण



**छतरपुर।** शनिवार को जिला जेल छतरपुर में हिमांशु शर्मा अपर सत्र न्यायाधीश एवं विष्णुप्रसाद सोलंकी सचिव/न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त वार्डों का भ्रमण कर बंदियों से चर्चा कर उनसे उपचार, न्यायालय की पेशी एवं मुलाकात के संबंध में जानकारी ली गई। महिला वार्ड में जाकर जेल में निरूद्ध महिला बंदियों से उनके न्यायिक प्रकरण के संबंध में जानकारी ली गई। महिला बंदियों के साथ निरूद्ध बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई एवं उन्हें फल व चिकित्सा परामर्श अनुसार भोजन प्रदान करने हेतु कहा गया। जेल की सफाई व्यवस्था अच्छी पाई गई एवं जेल में विराजमान मातारानी के दर्शन कर बंदियों को नियमित भजन कीर्तन करने हेतु प्रोत्साहित किया। जिससे बंदियों के मानसिक तनाव को कम किया जा सके एवं जेल में नियमित योग ध्यान होते रहें इसके लिये निर्देशित किया गया। बंदियों द्वारा निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या नहीं बताई गई। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक जिला जेल दिलीप सिंह, प्रमुख मुख्य प्रहरी राजाराम कोल और ड्यूटी पर तैनात स्टाफ मौजूद रहा।

# बाइक को बचाने की कोशिश में अनियंत्रित हुई यात्री बस

### बाल-बाल बची डेढ़ दर्जन यात्रियों की जान, कई यात्री घायल

बड़ामलहरा।



पुलिस अनुभाग के भगवां थाना क्षेत्र में ग्राम पनवारी के पास बीती शाम एक यात्री बस बाईक को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के वक्त बस में करीब डेढ़ दर्जन यात्री सवार थे, लेकिन गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ज्यादातर यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए घुवारा के अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक छतरपुर से रामटौरिया जा रही नंदा ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस के सामने पनवारी के पास अचानक एक बाईक आ गई, जिसे बचाने की कोशिश में चालक का नियंत्रण बस से हट गया और बस सड़क किनारे जाकर पलट गई। घटना के वक्त बस में महिलाओं और बच्चों सहित करीब 20 से अधिक यात्री सवार थे, जिन्हें चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को बस से बाहर निकाला और इलाज के लिए घुवारा अस्पताल पहुंचाया। कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें भी आई हैं, जिनका इलाज जारी है। शेष को प्राथमिक उपचार के बाद रवाना कर दिया गया।

### रेल्वे स्टेशन के रैक प्वाइंट पर हुआ हादसा

# करंट की चपेट में आया ट्रक चालक बुरी तरह झुलसा

हरपालपुर।



बीती शाम रेल्वे स्टेशन के रैक प्वाइंट पर एक मालगाड़ी के माल को ट्रक में लोड किया जा रहा था तभी ट्रक चालक विद्युत लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद आनन-फानन में चालक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने के चलते उसे झांसी रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घायल ट्रक चालक का नाम नारायणदास पुत्र किशोरी पाल है, जिसकी उम्र 32 साल है और वह टीकमगढ़ जिले के लारौन गांव का रहने वाला है। हादसे की खबर मिलने के बाद चालक के परिजन भी हरपालपुर पहुंचे, जो बाद में उसे लेकर झांसी रवाना हुए। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के बाद मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था, जिसके चलते परिजनों और पुलिस को तुरंत सूचना नहीं गई। इसके अलावा मौके पर मौजूद ट्रक मालिक के लोगों ने वीडियो बनाने से भी रोकने का प्रयास किया। हालांकि बाद में जब मामला गंभीर प्रतीत हुआ तो पुलिस और परिजनों को सूचना दे दी गई। रैक प्वाइंट पर काम करने वाले कुछ मजदूरों ने नाम न छपने की शर्त पर बताया कि रैक प्वाइंट पर ठेकेदार और ट्रक मालिकों के मनमानी रवैये के कारण अक्सर इस तरह के हादसे होते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए यहां कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।

**इनका कहना है -**

रात के वक्त एक ट्रक चालक करंट की चपेट में आकर घायल हुआ है, उसे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालात के चलते हमने रेफर कर दिया था।

**डॉ. समर्थ गुप्ता**
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हरपालपुर

**विशेष आकर्षण 11 मीटर लंबी चुनरी जिसे श्रद्धालुओं ने माता बघराजन को अर्पित किया। चुनरी को महिलाएं सिर पर रखकर पूरे श्रद्धा भाव से यात्रा में लेकर चलीं।**

# छतरपुर विधायक ने निकाली विशाल चुनरी यात्रा

### गांव की देवी मंदिर में की गई सुख-समृद्धि की कामना

**छतरपुर।** नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में छतरपुर विधायक द्वारा रविवार को क्षेत्र की सुख-समृद्धि और उत्थान की कामना को लेकर 51 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा महलों के पास पुरानी तहसील से प्रारंभ होकर गांव की देवी मंदिर पहुंची, जहां सुख-समृद्धि की कामना मां दुर्गा से की गई।

विधायक ललिता यादव ने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि, विकास, प्रगति, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और परिवारों की खुशहाली की कामना के लिए चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व मां की आराधना और हिंदू संस्कृति का प्रतीक है। विधायक ने कहा कि यह हर वर्ष की परंपरा है, जो छतरपुर को आगे बढ़ाने का संकल्प लेती है। यात्रा में 51 मीटर लंबी चुनरी और घटकलश लिए भक्त जयकारे लगाते चल रहे थे, वहीं मार्ग में धर्मप्रेमी भक्तों ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए जिन्होंने मां के चरणों में चुनरी चढ़ाई।

### खजुराहो में बघराजन माता मंदिर तक निकली चुनरी यात्रा

विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस वक्त देखने को मिला जब मतंगेश्वर मंदिर से भव्य चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। चुनरी यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं, श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने भाग लिया। यात्रा का प्रारंभ भगवान मतंगेश्वर महादेव के दर्शन और पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद चुनरी यात्रा काली माता मंदिर, प्रेमसागर तालाब और मुख्य बाजार मार्गों से होती हुई बघराजन माता मंदिर पहुंची। इस दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया और भजन-कीर्तन से और डीजे बाजे के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विशेष आकर्षण 11 मीटर लंबी चुनरी रही, जिसे श्रद्धालुओं ने माता बघराजन को अर्पित किया। चुनरी को महिलाएं सिर पर रखकर पूरे श्रद्धा भाव से यात्रा में लेकर चलीं। आयोजन की कमान मतंगेश्वर महिला समिति, खजुराहो ने संभाली। समिति की महिलाओं ने सामूहिक रूप से मिलकर यात्रा को सफल बनाया। आयोजन की मुख्य भूमिका रजनी गुप्ता 'मामी जी ने निभाई, जिन्होंने पूरी तैयारी और संचालन का दायित्व संभाला। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेत्री मयंका गौतम, रेखा राजा परमार की उपस्थिति रही।

### बिजावर में 51 घटकलशों के साथ निकाली गई चुनरी यात्रा



बिजावर नगर में शारदीय नवरात्रि का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कुशवाहा समाज ने परंपरा अनुसार 51 मीटर लंबी चुनरी यात्रा निकाली, जिसमें 51 घटकलशों को लेकर भक्त मां के दरबार पहुंचे। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जहां जगह-जगह स्वागत हुआ। यह 8वीं चुनरी यात्रा थी, जो भक्ति और एकता का प्रतीक बनी। सुबह 9 बजे बिजावर के बड़ी देवी जी मंदिर से 51 घटकलशों के साथ 51 मीटर चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा खटकयाना, बस स्टैंड, गल्ला मंडी, भोलागिर मंदिर होते हुए रतनगंज से वापस बड़ी देवी जी मंदिर पहुंची। वहां प्रसाद वितरण के बाद समापन हुआ। लवकुश युवा संगठन द्वारा 8वीं बार आयोजित इस यात्रा में कुशवाहा समाज के सदस्यों ने उत्साह से भाग लिया। यात्रा में ढोल-नगाड़ों और भक्ति भजनों के साथ मां दुर्गा के जयकारे लगे। बिजावर के प्रमुख मार्गों पर भक्तों ने चुनरी का स्वागत किया।

### झिंगराज माता से खटोला माता तक निकली चुनरी यात्रा





महराजगंज में सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयहिंद सिंह यादव ने सुख-समृद्धि की कामना को लेकर विशाल चुनरी यात्रा निकाली। 108 मीटर लंबी चुनरी यात्रा झिंगराज माता मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान, फुटवारी, नवीन फुटवारी, लिधौरा, सेंधपा, बड़ामल्हेरा, महराजगंज होते हुए खटोला माता मंदिर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, और हजारों लोग यात्रा में शामिल हुए। सुबह 9 बजे बड़ामल्हेरा जनपद क्षेत्र के महराजगंज सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जयहिंद सिंह यादव ने झिंगराज माता मंदिर से 51 घटकलशों के साथ 108 मीटर लंबी चुनरी यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा भगवान, फुटवारी, नवीन फुटवारी, लिधौरा, सेंधपा से बड़ामल्हेरा, महराजगंज होते हुए देर शाम खटोला माता मंदिर पहुंची। वहां चुनरी चढ़ाकर यात्रा का समापन हुआ। जयहिंद सिंह यादव ने बताया कि यह यात्रा क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए निकाली गई। यात्रा में ढोल-नगाड़ों और भक्ति भजनों के साथ श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते चले। जगह-जगह पुष्प वर्षा और स्वागत से यात्रा भव्य बनी। लवकुश युवा संगठन द्वारा 8वीं बार आयोजित इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए।

# संजय गांधी अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की तरह मिलेगी चिकित्सीय सुविधाएँ

### लीवर से संबंधित सभी इलाज संजय गांधी अस्पताल में होंगे

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के संजय गांधी अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की तरह मरीजों को चिकित्सीय सुविधाएँ मिलेंगी। गैस्ट्रोलॉजी विभाग में अत्याधुनिक मशीनों के उपलब्ध हो जाने से लीवर संबंधित सभी इलाज संजय गांधी अस्पताल में होंगे और मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

रीवा।





संजय गांधी अस्पताल के मेडिसीन विभाग में संचालित गैस्ट्रोलॉजी और हेपेटोलॉजी, इंटरवेंशन, एंडोस्कोपी डिवीजन के लिए एनसीएल से 6.4 करोड़ रूपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किये गये संजय गांधी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लीवर से जुड़ी बीमारियों के लिए मरीजों को सुविधाएं देने की शुरूआत हो गयी है। आने वाले दिनों में सभी संसाधनों की पूर्तिकर आवश्यक उपकरण/मशीनों की उपलब्धता हो जाने से लीवर से संबंधित सभी प्रकार के इलाज होने लगेंगे और लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा में पदस्थ चिकित्सक पूरे मनोयोग से कार्य कर रहे हैं। उन्हें उपकरण व संसाधन मुहैया कराये जा रहे हैं। डॉक्टरों की इच्छाशक्ति से ही हमें कार्य करने का प्रोत्साहन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अब रीवा में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज हो रहा है और अब रीवा से मरीजों को बाहर रेफर नहीं किया जाता। शुक्ल ने कहा कि अन्य प्रदेशों में पदस्थ चिकित्सक भी रीवा आने में रूचि ले रहे हैं। हमारा संकल्प है कि रीवा मेडिकल हब बनें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज तथा उससे संबंद्ध चिकित्सालय में 322 करोड़ रूपये की लागत से नवीनीकरण तथा डॉक्टर्स कालोनी का निर्माण का कार्य करायें जायेंगे। प्रदेश के सभी संभागीय मुख्यालयों के चिकित्सालयों को भी पर्याप्त धन राशि से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जा रहा है ताकि वहां सभी प्रकार की चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध रहें और मरीजों को बाहर न जाना पड़े। उप मुख्यमंत्री ने एनसीएल सिंगरौली को पुनीत कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि एनसीएल द्वारा रीवा में नैकनिहाई शौर्य स्मारक के पुर्नरूद्धार कार्य के लिए भी एक करोड़ रूपये दिये गये हैं। एनसीएल स्वास्थ्य, पर्यावरण तथा सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए मदद कर रहा है जो बधाई के पात्र हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम पर महिलाओं की जांच की जा रही है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाओं का स्वस्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि एनसीएल द्वारा सीएसआर मद से जो धन राशि दी जा रही है वह स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि है। रीवा में उप मुख्यमंत्री जी के प्रयासों से चिकित्सा के क्षेत्र में सुविधाओं में तेजी से वृद्धि हुई है। अब ऐसी कोई भी बीमारी नहीं है जिसका इलाज रीवा में न हो सके। उन्होंने कोरोना काल में रीवा के डॉक्टर्स व चिकित्सा स्टाफ द्वारा किये गये सेवाभाव की प्रशंसा की। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का संकल्प उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के नेतृत्व में किये जा रहे चहुमुखी विकास से पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि रीवा में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उप मुख्यमंत्री के प्रयासों से ही चिकित्सकों, उपकरणों, संसाधनों तथा स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। इससे पूर्व एनसीएल के जीएम राजीव रंजन ने बताया कि उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर 4 माह से भी कम समय में प्रशासनिक प्रक्रियाओं की पूर्ति कराते हुए सीएसआर मद से 6.4 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं। हमारा प्रयास है कि इसी वित्तीय वर्ष में इस राशि का उपयोग हो। डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. सुनील अग्रवाल ने कहा कि गैस्ट्रोलॉजी में उपकरणों के प्राप्त हो जाने से मरीजों को सुविधा मिलेगी। उप मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में रीवा को मेडिकल हब बनाने के लिए हम सब कृत संकल्पित हैं। डॉ. मनोज इंदुलकर ने कहा कि वर्ष 2018 में प्रारंभ की गई पहल अब पूर्ण होने जा रही है। डॉ. एमएच उसमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 6.4 करोड़ रूपये से प्राप्त होने वाली मशीनों से लीवर से संबंधित इलाज आसानी से किये जा सकेंगे। आने वाले समय में गैस्ट्रोलॉजी के उच्चतर पाठक्रम भी रीवा में प्रारंभ हो जायेंगे। आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष मेडिसिन डॉ. पीके बघेल ने किया। कार्यक्रम में अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा, डॉ. प्रदीप निगम, डॉ. अनुराग चौरसिया, एनसीएल के शाजिद नसीम सहित महाविद्यालय के चिकित्सक तथा विद्यार्थी व गणमान्य जन उपस्थित रहे। बॉक्स डिप्टी सीएम ने रिसर्च लैब का किया उद्घाटन उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के रिसर्च लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया।

## खबर संक्षेप



### सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत लोक कल्याण मेला संपन्न

रीवा। सेवा पखवाड़ा के तहत नगर निगम सभागार में लोक कल्याण मेला अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्ट्रीट फूड वेंडरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के मार्गदर्शन में इंडियनर्स मीडिया प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में लगभग 150 स्ट्रीट फूड वेंडरों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को खाद्य स्वच्छता, सुरक्षा, गुणवत्ता मानक एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण दिशानिर्देशों की जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वेंडरों को अधिक सक्षम बनाना है ताकि आम नागरिकों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।कार्यक्रम में प्रश्नोत्तरी सत्र के माध्यम से स्ट्रीट फूड वेंडरों को खाद्य सुरक्षा कानूनों, बेहतर कार्य-प्रणालियों और उपभोक्ता स्वास्थ्य संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह, प्रशिक्षण प्रदाता एवं बड़ी संख्या में पथ विक्रेता मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक और निगम आयुक्त ने किया विसर्जन स्थलों का निरीक्षण



रीवा। शहर में नवरात्रि के पावन अवसर पर स्थापित देवी प्रतिमाओं का विसर्जन आगामी 2 अक्टूबर (विजयादशमी) के दिन किया जाएगा। इससे पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान और नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शनिवार को शहर के विभिन्न निर्धारित विसर्जन स्थलों का संयुक्त निरीक्षण किया। उन्होंने विसर्जन व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि रीवा शहर में केवल तीन अधिकृत घाटों छतुरिहा घाट, करहिया घाट क्रमांक 01 तथा करहिया घाट क्रमांक 02 पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी घाट पर विसर्जन की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधित घाटों पर निगरानी के लिए मोबाइल पेट्रोलिंग, लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणा, तथा सख्त सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाएगी। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने निर्देश दिए कि सभी अधिकृत विसर्जन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, एनडीआरएफ की टीम, गोताखोर, तथा नगर निगम का अमला तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि नदी में इस समय तेज जलप्रवाह है, इसलिए श्रद्धालुओं को सुरक्षित दूरी से विसर्जन कराना सुनिश्चित किया जाए। प्रकाश व्यवस्था, वाहन पार्किंग, बैरिकेडिंग, और आपातकालीन सेवाओं की मुकम्मल व्यवस्था रहे। नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि विसर्जन स्थलों पर कृत्रिम कुंड बनाए गए हैं, जिसमें श्रद्धालु देवी प्रतिमाओं का विसर्जन करें। उन्होंने जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए नदी में न उतरें और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। उन्होंने बताया कि छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन छतुरिहा घाट और करहिया घाट क्रमांक 01 पर तथा बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन हाइड्रा मशीन से युक्त करहिया घाट क्रमांक 02 पर किया जाएगा। छतुरिहा घाट पर चल रहे सीवर लाइन कार्य को दो दिन के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि विसर्जन में कोई बाधा न आए।

### बजरंग दल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, कानून-व्यवस्था बिगड़ने की जताई आशंका

रीवा। नवरात्रि पर्व के दौरान गरबा महोत्सव में गैर हिंदू समाज के लोगों की एंट्री को लेकर शहर में विवाद गहराता जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें गरबा आयोजनों में गैर हिंदुओं के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। हिंदू संगठनों का कहना है कि गरबा हिंदू धर्म और संस्कृति से जुड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें ऐसे लोगों का प्रवेश नहीं होना चाहिए, जिन्हें इस परंपरा और संस्कृति में आस्था नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि यदि गैर हिंदू युवकों को गरबा स्थलों पर प्रवेश दिया गया, तो इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ आयोजक ऐसे लोगों को जानबूझकर प्रवेश दे रहे हैं।

## मेडिकल कॉलेज को एनसीएल से मिला 6.47 करोड़ का सीएसआर फंड, अब गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग में आएंगी आधुनिक मशीनें



रीवा। मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग अंतर्गत गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी यूनिट को अब बहुप्रतीक्षित आधुनिक मशीनें मिलने जा रही हैं। एनसीएल ने अपनी सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) योजना के तहत संजय गांधी अस्पताल को 6.47 करोड़ रुपए का अनुदान प्रदान किया है। इस राशि से गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के लिए अत्याधुनिक चिकित्सकीय उपकरण खरीदे जाएंगे, जिससे मरीजों को अब बाहर के निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग की आधारशिला पूर्व एचओडी डॉ. मनोज इंदूरकर के कार्यकाल में रखी गई थी। विभाग के लिए विशेष कक्ष का निर्माण तो पहले ही हो चुका था, लेकिन संसाधनों की कमी के चलते जरूरी मशीनों की आपूर्ति नहीं हो सकी थी। अब एनसीएल से मिले सीएसआर फंड के माध्यम से इंडोस्कोपिक सिस्टम, इलेक्ट्रोसर्जिकल यूनिट, सीओटू इनसफ्लेशन पंप, डिजिटल कोलेंगियोस्कोपी यूनिट और मोटराइज्ड ओटी टेबल जैसी अत्याधुनिक मशीनों की खरीद की जाएगी। बता दे मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में हर साल करीब 1400 से अधिक गेस्ट्रो संबंधित मरीज भर्ती होते हैं। मशीनें उपलब्ध न होने के कारण उन्हें या तो सीमित उपचार पर संतोष करना पड़ता था या फिर महंगे निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था। अब जब उपकरणों की खरीद प्रक्रिया शुरू हो रही है, तो इन मरीजों को न केवल उच्चस्तरीय इलाज मिलेगा, बल्कि सरकारी खर्चे में ही विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ भी मिल पाएगा। अब स्वीकृति के बाद तेजी से होगा क्रियान्वयन गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के गठन का प्रस्ताव पहले ही कार्यकारिणी समिति द्वारा पारित किया जा चुका है। विभाग की संरचना भी तैयार है, केवल मशीनों की आपूर्ति बाकी थी। अब जब फंड उपलब्ध हो चुका है, तो संबंधित टेंडर प्रक्रिया और खरीदी कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा। मेडिकल कॉलेज प्रबंधन का कहना है कि आगामी कुछ महीनों में विभाग पूरी तरह कार्यशील हो जाएगा।

### चाकघाट वृत्त में अवैध मदिरा के खिलाफ की गई कार्रवाई

## आबकारी टीम ने 1.72 लाख रुपए का महुआ लाहन किया जब्त

रीवा।



आबकारी टीम ने वृत्त चाकघाट में अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्यवाही करते करीब 11 प्रकरणों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करतेु ए 1 लाख 72 हजार रुपए का महुआ लाहन और हाथ भ_ी मदिरा जब्त की है। बताया गया कि कार्रवाई में बाबूपुर खडारी में अमृत लाल मांझी के मकान से 440 किलोग्राम महुआ लाहन, मनबसिया मांझी के मकान से 220 किलोग्राम महुआ लाहन, छोटकी मांझी के कब्जे से 140 किलोग्राम महुआ लाहन, रजौआ मांझी के रिहायशी मकान से 140 किलोग्राम महुआ लाहन, रानी मांझी के रिहायशी मकान से 40 किलोग्राम महुआ लाहन, प्रभा माझी के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन,गीता मांझी के मकान से 60 किलोग्राम महुआ लाहन,रनियां मांझी के रिहायशी मकान से 100 किलोग्राम महुआ लाहन तथा 04लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की। इसी तरह ग्राम अंजोरा में आशा मांझी के मकान से 300 किलोग्राम महुआ लाहन,रामरती माझी से 180 किलोग्राम महुआ लाहन तथा चाकघाट मे खुशबू देवी साकेत के मकान से 02 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। सहायक आबकारी आयुक्त रीवा द्वारा बताया गया कि अवैध मदिरा के परिवहन,निर्माण विक्रय के विरुद्ध यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक त्रिपाठी, आशीष शुक्ला आरक्षक- महेंद्र सिंह, वेदप्रकाश तिवारी, अखिलेश शुक्ला, आदित्य सिंह, अतुल बागरी, शुभम द्विवेदी, नगर सैनिक मनोज द्विवेदी, आरती साकेत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बिना परमिट के 22 वाहनों पर परिवहन विभाग की सख्त कार्यवाही,1.10 लाख रुपये का किया जुर्माना

रीवा




जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने विशेष अभियान चलाया। इस कार्रवाई में बिना वैध परमिट के संचालित एक ऑल इंडिया बस सहित 21 ऑटो रिक्शा वाहनों पर कुल 1,10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान, अनधिकृत संचालन और अन्य उल्लंघनों को रोकने के लिए चलाया गया था, जो सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनते हैं।परिवहन विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, रीवा-प्रयागराज, हनुमना और सीधी मार्गों पर सघन जांच के दौरान ये वाहन पकड़े गए। इनमें मुख्य रूप से यात्री वाहन शामिल थे, जो बिना परमिट के अवैध रूप से परिचालित हो रहे थे। प्रत्येक वाहन पर जुर्माना लगाया गया, जो मोटर वाहन अधिनियम के तहत निर्धारित दंड राशि के अनुरूप है। विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर और सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए की गई है। स्थानीय ऑटो ट्रांसपोर्टर संघ ने विभाग से नियमों की जानकारी के लिए जागरूकता अभियान चलाने की मांग भी की है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों के परमिट, फिटनेस सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेजों को समय पर नवीनीकृत करवाएं, ताकि अनावश्यक जुर्माने से बच सकें।जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बने हुए हैं, जिसके कारण प्रतिवर्ष सैकड़ों दुर्घटनाएं हो रही हैं। विभाग का यह अभियान सड़कों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर ही भारत को सशक्त बनाया जा सकता है - डिप्टी सीएम



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देकर ही भारत को सशक्त बनाया जा सकता है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग से जहां एक ओर हमारा पैसा हमारे देश में रहेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय लोगों को उनके उत्पाद का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि रीवा में गत 5 वर्षों से आयोजित हो रहे कला उत्सव में स्थानीय हस्तशिल्प, लोककला और परंपराओं को बढ़ावा मिल रहा है जिससे यह आयोजन न सिर्फ शॉपिंग फेस्टिवल है बल्कि एक सामाजिक आंदोलन भी है जो शिक्षा, महिला सशक्तीकरण और लोक संस्कृति को प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी का भी आह्वान है कि स्वदेशी अपनाओं राष्ट्र भक्त कहलाओं। लक्ष्मी एजुकेशन एवं ट्रेनिंग समिति द्वारा कृष्णा राजकपूर आडिटोरियम में कला उत्सव मेले में ड्रेस, ज्वेलरी, होमडेकोर, गिफ्टस एवं हस्तशिल्प आदि वस्तुऐं प्रदर्शित की गयी। इस आयोजन के माध्यम से 100 से अधिक महिला उद्यमियों, कलाकारों और कारीगारों को आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक पहचान मिली। संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि गत 5 वर्षों में इस आयोजन ने रीवा सहित पूरे विन्ध्य में अपनी पहचान बनाई है। सचिव सोनाली श्रीवास्तव ने बताया कि इस चैरिटेवल एग्जिविशन से प्राप्त आय अंकुर पाठशाला के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों की निःशुल्क शिक्षा पर खर्च की जायेगी। सेवा पखवाड़ा अन्तर्गत स्वच्छ भारत, स्वच्छ रीवा अभियान के तहत कला उत्सव का आयोजन महिला सशक्तीकरण व स्वदेशी अभियान को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, परमजीत डंग सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## अल्प विराम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज। राज्य आनंद संस्थान भोपाल द्वारा विकास खंड स्तरीय अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम में सम्भागीय समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् रीवा सम्भाग प्रवीण पाठक जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार विकास खंड समन्वयक एवं जिला नोडल अधिकारी आंनद विभाग मऊगंज अजय चतुर्वेदी मास्टर ट्रेनर डा.गोविंद नारायण श्रीवास्तव, राज्य आनंद संस्थान भोपाल से मुकेश करुआ, अरुण कुमार तिवारी की उपस्थिति में आंनद विभाग द्वारा विकास खंड सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। एवं अतिथियों का स्वागत गीत राखी द्विवेदी द्वारा गीत गा कर किया गया स्वागत की कड़ी में शिव शंकर श्रीवास्तव, मुकेश दुबे, रामरतन मिश्रा अखिलेश्वर जायसवाल द्वारा माल्यार्पण कर किया गया साधना चैरासिया पूजा मिश्रा, रिंकी मिश्रा गीतांजलि शर्मा दिव्यांशी सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीनिवास त्रिपाठी ग्राम विकास सेवा समिति मऊगंज द्वारा किया गया कार्यक्रम का परिचय अजय चतुर्वेदी द्वारा कराया गया सम्भागीय समन्वयक प्रवीण पाठक द्वारा अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित कोर्स में प्रवेश उत्सव एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंयती,और अल्प विराम आंनद विभाग के संबंध में जानकारी दिए जागेश्वर ताम्रकार द्वारा आंनद के तीन अवसर पर विचार व्यक्त किए डाक्टर गोविन्द नारायण श्रीवास्तव ने तनाव से मुक्त रहने के उपाय बताए। मुकेश कुमार बरुआ ने जीवन के लेखा जोखा याद कर मदत करने वाले लोगों को याद कर आंनद प्राप्त करने की जानकारी दी गई। अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा आंनद प्राप्त करने के तरीके पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं सभी शासकीय विभाग के प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों का आभार गीतांजलि शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।



## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा प्रेम, शांति व सद्भावना पर हुआ विचार मंथन

मऊगंज



जिले के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी महाविद्यालय संस्थान के द्वारा वैश्विक संस्कृति में प्रेम, स्नेह और सद्भावना की भूमिका विषय पर विचार मंथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख ने कहा कि प्रेम, स्नेह और सद्भावना ही राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र है, और इसमें मीडिया की भूमिका सर्वोपरि है। समाचार प्रसारण का उद्देश्य द्वेष फैलाना नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में सत्य घटनाओं के माध्यम से समाज को दिशा देना होना चाहिए।कार्यक्रम में स्थानीय पत्रकारों—संपति दास गुप्ता, आलोक शर्मा, टी. एन. मिश्रा, संजीत द्विवेदी, विजय जायसवाल, विपिन पांडे, आशीष शुक्ला, प्रमोद साकेत और कुलदीप कुशवाहा—ने अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर एसडीओपी सची पाठक, थाना प्रभारी संदीप भारती और महिला डेस्क प्रभारी प्रज्ञा पटेल ने ‘मैं हूं अभिमन्यु’ नशा मुक्ति अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे के चक्रव्यूह में फंसता जा रहा है, किंतु समाज के हित में इस चक्रव्यूह से बाहर निकलकर नशामुक्त जीवन अपनाना आवश्यक है। तभी एक सुखद और स्वस्थ समाज की रचना संभव होगी।कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्ति अभियान में सहयोग देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके प्रकाश, बीके पूर्णिमा बहन और बीके मानसी द्वारा किया गया।